Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of rubber barrage dams on Girna river in Jalgaon Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव): मेरे क्षेत्र जलगांव में गिरना नदी पर नई तकनीक के सात रबर बैराज को नेशनल पॉयलट प्रोजेक्ट बनाने के लिए तत्कालीन माननीय जल संसाधन मंत्री सुश्री उमा दीदी ने हवाई सर्वेक्षण कर अनुमति दी थी। उसके बाद लगातार राज्य सरकार और केन्द्र सरकार के साथ मिलकर इस प्रोजेक्ट के लिए कार्य करते आ रहे हैं। उसी का परिणाम है कि आज इसको हमारी महाराष्ट्र राज्य की सरकार सभी आवश्यक स्वीकृतियाँ देकर अब अंतिम प्रशासनिक स्वीकृति देने जा रही है।

मैं माननीय जल संसाधन मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि इस प्रोजेक्ट को सी.डब्ल्यू.सी. बडोदरा की तत्काल स्वीकृति देकर मेरे क्षेत्र के 5 तहसीलों के आम किसानों को सिंचन और आम जनता को पीने का पानी देकर अनुग्रहित करें।